आईएफटीएम विश्वविद्यालय, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश

**IFTM University, Moradabad, Uttar Pradesh**

**NAAC ACCREDITED**

# E-Content

# IFTM University, Moradabad

# Master of Social Work
# Sub- Social Policy and Planning
# Paper Code – MSW 311

## Topic - सामाजिक नीति एवं योजना
## Social Policy and Planning

Dr Alka sharma
Deptt of Sociology & Social Work
School of Social Sciences

# सामाजिक नीति
# Social Policy

## परिचय Introduction -

सामाजिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नियोजित विकास का सहारा लेना आवश्यक समझा गया क्योंकि यह अनुभव किया गया है कि इस गरीबी , बेकारी जैसी अनेक गंभीर सामाजिक समस्याएं उचित विकास ना होने के कारण ही हमारे समाज में व्यापक रूप से विद्यमान हैं।

# सामाजिक नीति की अवधारणा
# Concept of Social Policy

सामाजिक नीति सामाजिक संरचना की कमियों को दूर करती है। असंतुलन को रोकती है तथा असंतुलन वाले क्षेत्र से इसे दूर करने का प्रयास भी करती है।

गोखले के अनुसार, " सामाजिक नीति एक साधन है जिसके माध्यम से आकांक्षाओं और प्रेत प्रेरकों को इस प्रकार विकसित किया जाता है कि सभी के कल्याण की वृद्धि हो सके। "

सामाजिक नीति द्वारा मानव एवं भौतिक दोनों प्रकार के संसाधनों में वृद्धि की जाती है जिससे पूर्ण सेवायोजन की स्थिति उत्पन्न होती है। तथा निर्धनता दूर होती है।

# सामाजिक नीति के उद्देश्य एवं कार्य
# Objectives and Works of Social Policy

- वर्तमान कानूनों को अधिक प्रभावी बना कर सामाजिक निर्योग्यताओं को दूर करना।
- संस्थागत सेवाओं के माध्यम से आर्थिक निर्योग्यताओं को कम करना।
- बाधित को पुनर्स्थापित करना।
- पीड़ित मानवता के दुखों एवं कष्टों को कम करना।
- सुधारात्मक एवं सुरक्षात्मक प्रयासों में वृद्धि करना।
- शिक्षा दीक्षा की समुचित व्यवस्था करना।
- जीवन स्तर की असमानताओं को कम करना।
- निर्बल वर्ग के व्यक्तियों को विशेष संरक्षण प्रदान करना ।
- स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर को ऊंचा उठाना।
- कार्य को कार्य से होने वाले लाभों का पूर्ण वितरण सुनिश्चित करना

# सामाजिक नीति के क्षेत्र
# Scope of Social Policy

- सामाजिक कार्यक्रम तथा उनसे संबंधित कार्य करना।
- समुदाय के विभिन्न वर्गों से संबंधित सामाजिक नीति  का निर्माण करना।
- सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण समाज के विभिन्न वर्गों से संबंधित सामाजिक नीति का निर्माण करना।

# सामाजिक नीति एवं आर्थिक नीति में अंतर
## Distinction between Social and Economic Policy

- विकास संबंधी क्षमता की जांच पड़ताल राष्ट्रीय संसाधनों का सर्वेक्षण वैज्ञानिक शोध तथा विपणन संबंधी शोध।
- सार्वजनिक तथा निजी एजेंसियों के माध्यम से उपयुक्त स्थापना यथा जल विद्युत परिवहन तथा संचार की व्यवस्था।
- विशेषकृत प्रशिक्षण सुविधाओं तथा उपयुक्त सामान्य शिक्षा की व्यवस्था करना ताकि आवश्यक विषमताओं को सुनिश्चित किया जा सके।
- आर्थिक क्रिया के कानूनी ढांचे में विशेष रूप से भूमि संबंधी पट्टी निगम तथा व्यापारिक लेन-देन से संबंधित नियमों में सुधार करना।

- पूर्ण रोजगार प्रदान करना।
- निर्धनता को समाप्त करना।
- संसाधनों का समुचित प्रयोग करना।
- संतुलित क्षेत्रीय विकास करना।
- विकास की तीव्र गति को बढ़ाना।
- आर्थिक स्थिरता बनाए रखना।

# सामाजिक नीति एवं योजना के मूल्य
## Values Social Policy and Planning

सामाजिक नीति का प्रमुख उद्देश्य लोगों को सामाजिक न्याय दिलाते हुए चौमुखी सामाजिक-आर्थिक विकास करना है अतः इसे प्रभावपूर्ण बनाने की दृष्टि से सामाजिक नीति में मानवीय मूल्यों एवं वैचारिकी का होना आवश्यक है जो इस प्रकार है ---

- किसी भी प्रजातांत्रिक व्यवस्था में राज्य को अपना कल्याणकारी रूप परिवर्तित करने के लिए इसके माध्यम से सामाजिक नीति का निर्माण करना होगा।
- सामाजिक नीति के समुचित प्रतिपादन हेतु आवश्यक तथ्यों का संग्रह करने हेतु सामाजिक सर्वेक्षण तथा मूल्यांकन को समुचित महत्व प्रदान करना होगा

- राज्य को समाजसेवियों एवं समाज कार्यकर्ताओं के प्रति अपने सौतेले व्यवहार को बदलते हुए उन्हें निश्चित सामाजिक स्वीकृति प्रदान करनी होगी।
- राज्य को समाज कल्याण प्रशासन के क्षेत्र में समाज कार्यकर्ताओं तथा अवैतनिक समाज सेवकों को उचित एवं सम्मानजनक स्थान देना होगा।
- सामाजिक नीति का निर्धारण इस बात को ध्यान में रखकर करना होगा की आर्थिक दशा में सुधार तभी हो सकता है जबकि सामाजिक दशाओं में वांछित परिवर्तन लाया जाए।।

# संदर्भ सूची
# References

India - 2001 , Ministry of Information and Broadcasting, Publication Division GOI: New Delhi 2001

Jacob, K.K. Social Policy in India, Hemanshu Publications: Udaipur 1989

Dubois, Bendra ; Miley, K.K. , Social Work-An Empowering Profession, Allyn & Bacon: Boston 1992

Culpitt , Ian , Social Policy & Risk, Sage Publication Ltd.: London 1999

# Thank you